पुस्तकालय
2617
7/3/08



असंशोधित

27 FEB 2008

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग 1–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर)

प्रतिवेदन शाखा
गै०स०प्रै०सं०...96......तिथि...7-3-08

टर्न-११/आजाद/२७.२.२००८

तारांकित प्रश्न सं०-७७(श्री शालिग्राम यादव,स०वि०स०)

श्री रामाश्रय प्रसाद सिंह,मंत्री : १. उत्तर स्वीकारात्मक है । यह संरचना सी०आर० सह एच०आर० एकोर्डेड है ।

२. उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । अप्रत्याशित बाढ़ के कारण संरचना आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई । फलतः नदी का पानी पुरानी नहर में प्रवेश कर जाना स्वाभाविक हो गया ।

३. आगामी बरसात के पूर्व कार्य कर लिया जायेगा ।

अध्यक्ष : माननीय सदस्य श्री शालीग्राम जी ।

श्री शालीग्राम यादव : ठीक है सर ।

तारांकित प्रश्न सं०-७८(श्री ललन पासवान,स०वि०स०)

श्री नरेन्द्र नारायण यादव,मंत्री : क- उत्तर स्वीकारात्मक है ।

ख- प्रश्नाधीन पथ ग्रामीण पथ है, जिसकी लम्बाई ८ कि०मी० है। वर्तमान में उक्त पथ किसी योजना में चयनित नहीं है एवं पथ के निर्माण पर लगभग ३.५ करोड़ रू० व्यय अनुमानित है ।

महोदय, राज्य में ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन १४००० कि०मी० से अधिक लम्बाई की सड़के हैं, जिसकी मरम्मती रख-रखाव हेतु विभाग अपने सीमित संसाधन से प्रयासरत है । नीधि की उपलब्धतता के अनुसार सरकार जब ग्रामीण पथों का अधिग्रहण कर पथ निर्माण का निर्णय लेगी तो इस पथ के निर्माण पर भी प्राथमिकता देकर सरकार विचार करगी महोदय ।

श्री ललन पासवान : महोदय, माननीय मंत्री जी ने स्वीकार किया कि यह ग्रामीण पथ है, मेरा कहना है (१) कि आर०ई०ओ० में अधिग्रहण करके और जिसकी बात कर रहे हैं बनाने की, आज से नहीं, लम्बे दिनों से यह पथ जर्जर हालत में है, लोगों का चलना दुर्भर है .........

अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप सीधा प्रश्न कीजिए न ।

श्री ललन पासवान : महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि इसको अधिग्रहण करके इस पथ को आर०ई०ओ० ग्रामीण कार्य विभाग से बनवाने की कृपा करेंगे । कब तक सरकार बनायेगी, सरकार शीघ्र इसका अधिग्रहण करे ।

श्री नरेन्द्र नारायण यादव,मंत्री : महोदय, मैंने पहले भी एक माननीय सदस्य के प्रश्न के जवाब में कहा था कि हम पहले आर०ई०ओ० की ग्रामीण कार्य विभाग की जो सड़के हैं, उसका हम उन्नयन का कार्य कर रहे हैं । जब हम नई कच्ची सड़क का अधिग्रहण करेंगे महोदय तो माननीय सदस्य की भी सड़क को हम प्राथमिकता के आधार पर ग्रहण करके इसका निर्माण करायेंगे ।

अध्यक्ष : प्रश्नोत्तर-काल समाप्त हुआ । जिन प्रश्नों के उत्तर तैयार हो, उसे सभा पटल पर रख दिया जाय ।

*****